क्षेत्रीय समाचार एकांश

देहरादून (उत्तराखण्ड)

मंगलवार 03.06.2025

समय 07.20

मुख्य समाचार :–

- प्रदेश सरकार ने शहीद सैनिकों के आश्रितों को दी जाने वाली अनुग्रह राशि को 10 लाख से बढ़ाकर 50 लाख रुपये किया।
- मुख्य सचिव आनंद बर्धन ने राज्य में जड़ी–बूटी और एरोमा टूरिज्म को बढ़ावा देने के निर्देश दिए।
- केंद्र ने देश में इलेक्ट्रिक यात्री कार के विनिर्माण को प्रोत्साहित करने के लिए दिशा निर्देशों की अधिसूचना जारी की।
- हेमकुंड साहिब यात्रा मार्ग पर सुविधाओं के विकास के लिए 99 लाख रुपये की धनराशि स्वीकृत।

शासनादेश

प्रदेश सरकार ने शहीद सैनिकों के आश्रितों को दी जाने वाली अनुग्रह राशि को 10 लाख से बढ़ाकर 50 लाख रुपये कर दिया है। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी द्वारा 26 जुलाई 2024 को कारगिल विजय दिवस के अवसर पर की गई इस घोषणा के क्रम में कल इसका शासनादेश जारी कर दिया गया।

सैनिक कल्याण अनुभाग से जारी आदेश में स्पष्ट किया गया है कि यह नई राशि 26 जुलाई 2024 से अनुमन्य होगी। अब प्रदेश में शहीद सैनिकों के परिजनों को 50 लाख रुपये की अनुग्रह राशि प्रदान की जाएगी।

जड़ी बूटी और एरोमा टूरिज्म

मुख्य सचिव आनंद बर्धन ने राज्य में जड़ी–बूटी और एरोमा टूरिज्म को बढ़ावा देने के निर्देश दिये हैं। देहरादून में गैर–प्रकाष्ठ वन उपज और हर्बल व एरोमा टूरिज्म प्रोजेक्ट की समीक्षा बैठक में श्री बर्धन ने कहा कि प्रदेश में जड़ी–बूटी के विकास और संरक्षण से जुड़ी गतिविधियों में स्थानीय समुदायों और वन पंचायतों को शामिल कर उन्हें सशक्त बनाया जाए। उन्होंने जोर देते हुए कहा कि इन गतिविधियों से आजीविका, कौशल विकास और स्थानीय बुनियादी ढांचे में सुधार हो सकता है।

मुख्य सचिव ने जड़ी–बूटी उत्पादन परियोजना को क्लस्टर स्तरीय संघ के के समन्वय से लागू करने और चिन्हित वन पंचायतों में तेजी से कार्य बढ़ाने के निर्देश दिए।

गौरतलब है कि गैर–प्रकाष्ठ वन उपज और हर्बल व एरोमा टूरिज्म प्रोजेक्ट की कुल अवधि 10 वर्ष है। इसका पहला चरण 2024 से 2029 और दूसरा चरण 2028 से 2033 तक चलेगा। कुल 628 करोड़ रुपये की लागत वाले इस प्रोजेक्ट को हरिद्वार और उधम सिंह नगर को छोड़कर प्रदेश के 11 जिलों में लागू किया जा रहा है। इसके तहत पांच हजार वन पंचायतें लाभान्वित होंगी और पांच हजार हेक्टेयर वन पंचायत भूमि तथा पांच हजार हेक्टेयर निजी भूमि पर जड़ी–बूटी रोपण किया जाएगा।

## जनता दर्शन

देहरादून के जिलाधिकारी सविन बंसल की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट स्थित ऋषिपर्णा सभागार में जनता दर्शन कार्यक्रम आयोजित किया गया, जिसमें कुल 85 शिकायतें दर्ज की गईं। इनमें भूमि, शिक्षा, नगर निगम, एमडीडीए, वन विभाग, सिंचाई, पुलिस, विद्युत और वित्तीय धोखाधड़ी से जुड़ी शिकायतें प्रमुख रहीं।

जिलाधिकारी ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि सभी शिकायतों का गंभीरता से परीक्षण कर समयबद्ध निस्तारण सुनिश्चित करें। उन्होंने विभागीय स्तर पर भी शिकायतों की समीक्षा करने को कहा।

कार्यक्रम के दौरान स्कूल भवनों की जर्जर स्थिति, एमडीडीए की कार्यप्रणाली, सीवर सफाई, वन सर्वेक्षण और निर्माण नियमों के उल्लंघन जैसे मामलों में संबंधित अधिकारियों को आवश्यक कार्रवाई के निर्देश दिए गए।

## रात्रि चौपाल

बागेश्वर जिले के कपकोट थाना पुलिस ने सीओ मनीष शर्मा के नेतृत्व में लीती गांव में रात्रि प्रवास कर चौपाल का आयोजन किया। इस दौरान एसओ खुशवंत सिंह ने ग्रामीणों को नए कानूनों, साइबर क्राइम से बचाव, उत्तराखंड पुलिस एप, घरेलू हिंसा, बाल अपराध और महिला अपराध से जुड़ी जानकारियां दीं। उन्होंने ग्रामीणों से मानसून में संभावित समस्याओं की जानकारी पुलिस को देने और समाज से नशा दूर रखने में सहयोग की अपील की।

## विशेष मेडिकल कैंप

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के निर्देश पर प्रदेश के पत्रकारों के लिए विशेष मेडिकल कैम्प का आयोजन जल्द किया जाएगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि पत्रकार समाज का अहम स्तंभ हैं और उनके स्वास्थ्य की सुरक्षा सरकार की प्राथमिकता है।

स्वास्थ्य सचिव डॉ. आर. राजेश कुमार और सूचना महानिदेशक बंशीधर तिवारी को समन्वय कर आवश्यक व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए हैं। कैम्प में विशेषज्ञ डॉक्टरों की उपस्थिति के साथ सभी जरूरी स्वास्थ्य जांचें उपलब्ध कराई जाएंगी।

स्वास्थ्य सचिव ने निदेशक चिकित्सा शिक्षा को कैम्प आयोजन की कार्यवाही शुरू करने को कहा है। यह कैम्प सूचना विभाग परिसर में लगाया जाएगा। मुख्यमंत्री ने आगे भी ऐसे कैम्प समय–समय पर आयोजित करने की बात कही है।

## उन्नत कृषि तकनीकों की जानकारी

चंपावत जिले के लोहाघाट क्षेत्र में केंद्रीय कृषि मंत्रालय के तहत चल रहे कृषि संकल्प अभियान : अनुसंधान किसान कार्यक्रम के अंतर्गत विभिन्न ग्राम सभाओं में किसानों को उन्नत कृषि तकनीकों और विभागीय योजनाओं की जानकारी दी गई।

कार्यक्रम की नोडल अधिकारी डॉ. दीपाली तिवारी पांडेय ने बताया कि किसानों को फसल सुरक्षा, मृदा स्वास्थ्य, जल प्रबंधन और केंद्र व राज्य सरकार की योजनाओं की जानकारी दी गई।

साथ ही अधिकारियों ने खेतों का भ्रमण कर किसानों की समस्याएं समझीं और उनके समाधान भी बताए।

अधिसूचना

केंद्र सरकार ने, देश में इलेक्ट्रिक यात्री कार के विनिर्माण को प्रोत्साहित करने के लिए एक योजना के दिशा निर्देश की अधिसूचना जारी की है। भारी उद्योग मंत्री एच डी कुमारस्वामी ने नई दिल्ली में मीडिया से बातचीत में इसकी जानकारी दी।

स्वीकृति

चमोली जिले में स्थिति सिखों के प्रसिद्ध तीर्थस्थल हेमकुंड साहिब यात्रा मार्ग पर यात्री सुविधाओं के विकास के लिए 99 लाख 41 हजार रुपये की धनराशि स्वीकृत की गई है। इस धनराशि से घांघरिया पड़ाव पर तीर्थयात्रियों के लिए धर्मशाला का निर्माण किया जाएगा।

जिलाधिकारी संदीप तिवारी ने बताया कि हेमकुंड यात्रा को सुगम और सुरक्षित बनाने के लिए यह फैसला लिया गया है। जिला प्रशासन द्वारा तैयार विस्तृत परियोजना रिपोर्ट के आधार पर यह राशि स्वीकृत की गई है।

विशेष चिकित्सा शिविर

नैनीताल राजभवन में एक दिवसीय विशेष चिकित्सा शिविर आयोजित किया गया, जिसमें बीडी पांडे जिला चिकित्सालय के विशेषज्ञ डॉक्टरों की टीम ने राजभवन के अधिकारियों और कर्मचारियों सहित लगभग 172 लोगों का स्वास्थ्य परीक्षण किया।

राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल गुरमीत सिंह ने शिविर का निरीक्षण कर स्वास्थ्य परीक्षण की प्रक्रिया और सुविधाओं की जानकारी ली। उन्होंने कहा कि स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता अच्छे जीवन की नींव है और राजभवन परिवार का उत्तम स्वास्थ्य उनकी प्राथमिकता है।

राज्यपाल ने चिकित्सा सेवाएं देने वाले डॉक्टरों और कर्मियों का आभार व्यक्त करते हुए शिविर को लाभकारी बताया।

ऋण और अनुदान

पिथौरागढ़ जिले में कृषि विभाग केंद्र सरकार की सब मिशन ऑन एग्रीकल्चर मैकेनाइजेशन योजना के तहत काश्तकारों को कृषि यंत्र खरीदने के लिए पांच लाख तक का ऋण उपलब्ध करा रहा है।

मुख्य कृषि अधिकारी अमरेंद्र कुमार चौधरी ने बताया कि फार्म मशीनरी बैंक योजना के तहत किसान यंत्रों की कीमत के अनुसार ऋण ले सकते हैं, जिसमें उन्हें 80 प्रतिशत तक अनुदान दिया जाएगा।

अब तक इस योजना से 27 हजार 429 काश्तकार लाभान्वित हो चुके हैं। इस वर्ष और अधिक काश्तकारों को इसका लाभ देने की योजना है।

<u>शॉर्ट सर्किट</u>

नैनीताल जिले के भवाली देवी मंदिर के पास कल रात शॉर्ट सर्किट से लगी आग में पांच दुकानें और उनके ऊपर बने मकान जलकर राख हो गए।

प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, देर शाम एक दुकान से आग की लपटें उठनी शुरू हुईं, जो तेजी से पास की चार अन्य दुकानों तक फैल गईं। आग की सूचना पर पुलिस अधीक्षक डॉ. जगदीश मौके पर पहुंचे।

मुख्य मार्ग के समीप आग लगने के कारण एहतियातन यातायात रोक दिया गया। फायर ब्रिगेड ने कड़ी मशक्कत के बाद रात करीब साढ़े दस बजे आग पर काबू पाया।

दुकानदारों के अनुसार, आग शॉर्ट सर्किट से लगी और लाखों रुपये का नुकसान हुआ है।

एक नजर आज के समाचार पत्रों की सुर्खियों पर––

प्रदेश में सड़कों के किनारे हुए अतिक्रमण को हटाने के लिए मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के विशेष अभियान चलाने के निर्देश को सभी समात्रार पत्रों ने प्रमुखता से प्रकाशित किया है।

राष्ट्रीय सहारा ने मुख्यमंत्री के हवाले से लिखा ह– विकसित उत्तराखंड के लिए बनाएं विस्तृत योजना, मुख्यमंत्री ने सभी जिलाधिकारियों के साथ बैठक में दिये निर्देश।

राज्य में टीबी मुक्त होने वाले जिलों को पुरस्कृत किया जाएगा। इस ख़बर पर दैनिक जागरण लिखता है– टीबी मुक्त होने वाले प्रथम तीन जिले होंगे पुरस्कृत, मुख्यमंत्री ने की वरिष्ठ अधिकारियों व जिलाधिकारियों संग बैठक।

अमर उजाला ने लिखा है– मुख्यमंत्री ने  सभी जिलाधिकारियों को टीबी मुक्त अभियान में जुटने के दिये निर्देश।

नीट पीजी परीक्षा स्थगित, अमर उजाला का शीर्षक है। समाचार पत्र लिखता है– नई तिथी की घोषणा जल्द होगी। इसी पर हिंदुस्तान समाचार पत्र की ख़बर है–एक पाली में होगी परीक्षा।

आईपीएल में आज बैंगलरू और पंजाब के बीच फाइनल मुकाबला खेला जाएगा। हिंदुस्तान समाचार पत्र लिखता है– आज आई.पी.एल को मिलेगा नया चैंपियन।